# बेअंत परमात्मा के घर में अनंत कुमार ने दी अनंत शुभकामनाएँ

**लोगों से दिल की तार जोड़ने का अगर कोई माध्यम है तो वो है सब के प्रति अपनी मनसा को शुद्ध करना। उषा से लेकर निशा तक या यों कहें कि आठों प्रहर तक हम अपनी दिनचर्या से कुछ समय निकालकर सभी के लिए स्वास्थ्यकर, शुभकर विचार प्रेषित कर सभी को हर तरह से लाभ पहुँचा सकते हैं। इसके लिए एक नया प्रोजेक्ट चलाया गया है, जिसमें सभी वर्गों के लोग भाग्य बना सकते हैं। आइए आपका भी स्वागत है... सात अरब सतकर्मों से जुड़कर आप भी अपना भाग्य बनाइए।**

**शांतिवन।** एक मंत्री, एक सांसद या एक राजनेता के हैसियत से नहीं बल्कि एक ब्रह्माकुमार के नाते मैं यहाँ पर उपस्थित हुआ हूँ, उर्वरक एवं रासायनिक मंत्री अनंत कुमार जी के उपरोक्त उद्गार थे जो उन्होंने 25 अगस्त विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर डायमण्ड हॉल में 7 बिलियन एक्टस ऑफ गुडनेस के अंतर्राष्ट्रीय लॉन्चिंग के कार्यक्रम में व्यक्त किये।

25 अगस्त की शाम लगभग 7.00 बजे 7 बिलियन एक्टस ऑफ गुडनेस की लॉन्चिंग इतिहास के पन्नों में दर्ज़ की जाएगी क्योंकि इसके लगभग 25 हज़ार प्रत्यक्षदर्शी थे और उसमें माननीय मंत्री अनंत कुमार जी ने चार चाँद लगाया। उन्होंने कहा कि आज दादी प्रकाशमणि की कल्पना का साकार रूप उनकी स्मृति में आप सबने करके




**शांतिवन।** कैबिनेट मंत्री अनंत कुमार के साथ ब्र.कु. मृत्युंजय, दादी रतनमोहिनी, ब्र.कु. पुष्पा, ब्र.कु.सत्यनारायण तथा अन्य।

उनको एक अद्भुत सम्मान प्रदान किया। हम सब के लिए आज एक चुनौती है कि हम व्यक्तिगत रूप से इसमें कितना योगदान दे पाते हैं। आज पूरे विश्व को शुभ भावनाओं की ज़रूरत है। हमारी जनता के एक अरब बीस करोड़ यदि शुभ भावनाएँ प्रत्येक दिन सबके पास पहुँचती हैं तो इससे अच्छा कार्य और कोई नहीं हो सकता। इसके अलावा उनका यह भी कहना था कि ये कोई पुरुष या महिला शक्ति नहीं बल्कि एक पराशक्ति, एक दिव्य शक्ति इसे चला रही है। बिना अनुशासन के इतनी आत्माओं के ऊपर शासन करना उसका एक अनोखा उदाहरण मैंने आज ब्रह्माकुमारीज़ में देखा। सर्वे भवन्तु सुखिन: नामक स्लोगन को ब्रह्माकुमारीज़ ही साकार रूप देगी। अंतिम उवाच में उन्होंने 25 हज़ार भाई-बहनों के सम्मुख ये वचन दिया कि आज से मैं भी आप सब के साथ इस सद्मार्ग पर चलने की कोशिश करुँगा। साथ ही हमारे संस्था की संयुक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतनमोहिनी ने सत्कर्मों द्वारा इस योजना को सफल करने के लिए सभी को पेरित किया तथा अपने आशीर्वचनों के साथ इस प्रोजेक्ट को शुभकामनाएं दी।

# शिव गुफ़ा और लेज़र शो से उमरेड को मिली नई पहचान

**उमरेड।** संतरे के शहर नागपुर जिले के क्षेत्र में स्थित उमरेड सेवाकेन्द्र में संतरे के रंग की पवित्रता और वैसे ही पवित्र स्थान की महसूसता लाने की मंसा नागपुर के विधायक सुधीर पारवे ने विश्वकल्याणी आर्ट गैलरी, शिव गुफा और लेज़र शो के उद्घाटन सत्र में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस स्थान से माउण्ट आबू की खुशबू आ रही है और नागपुर शहर के लिए ये बड़े ही शान की बात है।

इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम विकास प्रभाग के संयोजक ब्र.कु. राजू ने अपनी मंसा ज़ाहिर करते हुए कहा कि जहाँ ज्ञान रूपी रोशनी है वहाँ पर अंधकार हो नहीं सकता। ये म्युज़ियम अनेकों आत्माओं को सेवा पहुँचाने का कार्य करेगा।

विदर्भ संचालिका ब्र.कु. पुष्पारानी ने कहा कि यदि हम निर्विघ्न वायुमण्डल बनाएँ, सेवा साथियों को प्यार दें तो परमात्मा इस म्युज़ियम से अनेक आत्माओं को तैयार करेगा। ओमशान्ति मीडिया के संपादक ब्र.कु. गंगाधर का कहना था कि जो भी आत्मा परमात्मा को समझ लेती है उसके जीवन में परिवर्तन अवश्य आता है और यह कार्य विदर्भ के भाई-बहनों ने बखूबी किया है और इसका परिणाम आज ये म्युज़ियम आपके समक्ष है, जो आने वाले कल को कल्याणकारी बना देगा। साथ ही साथ कुछ प्रमुख संगीत प्रस्तुतियों के द्वारा कार्यक्रम को मधुर व मनमोहक बनाया गया। ब्र.कु.रेखा ने क्षेत्र में चल रही सेवाओं का समाचार सुनाया व सबका भावपूर्ण स्वागत किया ।





**उमरेड।** विश्वकल्याणी आर्ट गैलरी का उद्घाटन करते हुए ब्र.कु.राजू, ब्र.कु.पुष्पारानी, ब्र.कु गंगाधर, ब्र.कु.रेखा, ब्र.कु.अशोक तथा अन्य।

### किसानों को मिला यौगिक खेती का उपहार

ग्राम विकास प्रभाग के संयोजक ब्र.कु. राजू ने उमरेड में विदर्भ क्षेत्र में रहने वाले किसानों के प्रति शुभेच्छा रखते हुए उन्हें अपनी खेती और ज़मीन की शक्ति तथा उसमें होने वाले पैदावार को बढ़ाने के लिए उसे सबसे पहले योग की विधि से तरंगें देकर चार्ज करना सिखाया। उनका कहना था कि जब हम किसी भी व्यक्ति, वस्तु या जीवित किसी भी चीज़ पर शुभ भावनाएँ प्रेषित करते हैं तो उसमें एक नई जान आ जाती है। आप यदि इसका प्रयोग करेंगे तो आप देखेंगे कि बिना किसी रासायनिक खाद या उर्वरक के आपके अनाज की गुणवत्ता बढ़ जाएगी तथा वह स्वास्थ्य के हिसाब से लाभकारी भी होगा। इसके अतिरिक्त ब्र.कु. गंगाधर ने भी इसपर थोड़ा प्रकाश डाला और कहा कि सबकुछ हमारी शुभ भावनाओं पर निर्भर करता है। यदि जो चीज़ हमें चलाती है, जिस खाने को खाने से हमें ऊर्जा मिलती है उसे क्यों ना हम उपरोक्त बातों के साथ जोड़ें।

**कार्यालय- ओम शान्ति मीडिया, संपादक- ब्र.कु.गंगाधर, ब्रह्माकुमारीज़, शान्तिवन, तलहटी, पोस्ट बॉक्स न.- 5, आबू रोड (राज.)- 307510**
**सदस्यता के लिए सम्पर्क-** M - **9414006096, 9414182088**, Email- mediabkm@gmail.com, omshantimedia@bkivv.org, Website- www.omshantimedia.info

**सदस्यता शुल्क: भारत** - वार्षिक **190** रुपये, तीन वर्ष **570** रुपये, आजीवन **4500** रुपये । **विदेश - 2500** रुपये (वार्षिक)
**कृपया सदस्यता शुल्क 'ओमशान्ति मीडिया' के नाम मनीऑर्डर या बैंक ड्राफ्ट (पेएबल एट शान्तिवन, आबू रोड) द्वारा भेजें।**

RNI NO RAJHN/2000/721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/12-14, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2013-14, Posting on 12TH TO 14TH and 22ND TO 24TH each month, published on 4th Sep 2014
संपादक: ब्र.कु.गंगाधर, प्रकाशक: ब्र.कु.करुणा द्वारा ब्रह्माकुमारीज़ मीडिया प्रभाग (आर.ई.आर.एफ) के लिए प्रकाशित एवं डी.वी.प्रिंट सॉल्यूशन्स जयपुर से मुद्रित।